संख्या- 34 /2024 / 7631 /चार-2023-1775153

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक 16 जनवरी, 2024**

विषय- भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के रेनोवेशन एवं इंटीरियर कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3691/सं0नि0-6(16)/2023-24 दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 तथा निदेशक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के पत्र संख्या-7041/प्रेक्षागृह जीर्णोद्धार /1525/2023, दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 के संदर्भ में अवगत कराना है कि भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के रेनोवेशन एवं इंटीरियर कार्य हेतु उपलब्ध कराये गये प्रारम्भिक आगणन रू0 2396.42 लाख के सापेक्ष प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा परियोजना की रू0 2210.03 लाख (रू0 बाईस करोड़ दस लाख तीन हजार मात्र) लागत मूल्यांकित की गयी है।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के रेनोवेशन एवं इंटीरियर कार्य हेतु रू0 2210.03 लाख (रू0 बाईस करोड़ दस लाख तीन हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में रू0 552.50 लाख (रू0 पांच करोड़ बावन लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि निर्गत करने की श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) संस्कृति निदेशालय/ भारतेन्दु नाट्य अकादमी द्वारा नियमानुसार समस्त यथा आवश्यक वैधानिक अनापत्तियाँ एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(3) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित आडिटोरियम फिक्सड चेयर के अतिरिक्त प्रस्तावित अन्य लूज फर्नीचर की लागत (रू0 92.37 लाख) अनुमन्य नहीं की गयी है। प्रभाग का मत है कि लूज फर्नीचर पर पृथक से वित्त विभाग की सहमति प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

(4) प्रश्नगत प्रायोजना का गठन कार्यालय प्रमुख अभियंता, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग (भवन वर्ग) के पत्रांक – 272 कैम्प /मु0अभि0 (भवन) /2023 दिनांक 10.10.2023 तथा पत्रांक – 294/ मु0 अभि0 (भवन)/ 2023 दिनांक 26.10.2023 के द्वारा डी0एस0आर0 की दरों में फैक्टर/ कास्ट इन्डेक्स का समावेश करते हुए आगणन का गठन किया गया है। कतिपय ऐसी कार्यमदें जिनकी दरें उक्त दरों में उपलब्ध नहीं हैं,

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

उन्हें बाजार दरों/ कोटेशन के आधार पर प्रस्तावित की गयी हैं। तद्नुसार प्रभाग द्वारा लागत का परीक्षण किया गया है।

(5) प्रायोजनान्तर्गत 18 प्रतिशत जी०एस०टी० की धनराशि अनुमन्य कर दी गयी है। संस्कृति निदेशालय / भारतेन्दु नाट्य अकादमी/ कार्यदायी संस्था द्वारा अपने स्तर से सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रायोजनान्तर्गत विभिन्न कार्यमदों में जी०एस०टी० सम्मिलित न हो ।

(6) प्रायोजनान्तर्गत आडिटोरियम फिक्सड चेयर, आडियो सिस्टम, स्टेज लाइटिंग सिस्टम फोटो फ्रेम्स, सी0सी0टी0वी0 को केटेशन के आधार पर प्रस्तावित किया गया है। अत: इनके क्रियान्वयन से पूर्व कार्यदायी संस्था द्वारा इस प्रकार के कार्यों हेतु निर्माताओं से प्रतिस्पर्धा के आधार पर दरें प्राप्त कर सक्षम स्तर से अनुमोदन के उपरान्त कार्य कराया जायेगा।

(7) प्रायोजना में प्रस्तावित कार्य रेनोवेशन एवं इन्टीरियर से संबंधित है। अत: प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाय। जिसके देख-रेख में प्रस्ताव/ आगणन में प्रस्तावित कार्य को न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर सम्पादित कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(8) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की मात्राओं एवं विशिष्टियों को यथावत मानते हुए लागत का अनुमोदन किया गया है। कार्य की विशिष्टियॉ, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी संस्कृति निदेशालय/ भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ / कार्यदायी संस्था की होगी तथा संस्कृति निदेशालय/ भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ /कार्यदायी संस्था यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समयावधि में ही पूर्ण हो जाय। मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व संस्कृति निदेशालय/ भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ / कार्यदायी संस्था का होगा।

(9) प्रायोजना का निर्माण कार्य सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही प्रारम्भ कराया जायेगा।

(10) प्रभाग द्वारा प्रस्ताव का परीक्षण लागत, आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्रावधानों को यथावत मानते हुए किया गया है, जिनमें कोई उल्लेखनीय परिवर्तन जैसे- नये कार्य बढ़ाना, कार्यों के आकार में वृद्धि, प्रस्तावित कार्यों की मात्राओं में वृद्धि एवं अन्य उच्च विशिष्टियॉ इस्तेमाल करना इत्यादि की स्थिति में सक्षम स्तर का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना कार्य नहीं किया जायेगा।

(11) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति (डूप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व निदेशक, संस्कृति निदेशालय/ भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(12) बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(13) प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/ मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/ मद हेतु किया जायेगा।

(14) यह अनिवार्य रूप में सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यो की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर सम्पादित कराये जा रहे निर्माण कार्यो की मानीटरिंग भी की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(15) परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो, इस संबंध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212(vii) में दिये गये निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(16) प्रश्नगत स्वीकृति संस्कृति निदेशालय/ भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व संस्कृति निदेशालय/ भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ का होगा।

(17) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(18) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी। उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि के सम्बन्ध में वित्त विभाग के मितव्ययिता सम्बन्धी आदेशों तथा व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा। राजस्व पक्ष से संबंधित व्यय का भुगतान पूंजीगत पक्ष से न करके राजस्व पक्ष के लेखाशीर्षक के संगत मद में उपलब्ध प्राविधान से सुनिश्चित किया जायेगा।

(19) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(20) उक्त परियोजना हेतु मदवार मूल्यांकित लागत का विवरण संलग्न है।

2. उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति-800-अन्य व्यय -18- भारतेन्दु नाट्य अकादमी के प्रेक्षागृहों का निर्माण -24-वृहत् निर्माण कार्य मद के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या- ई-7-445 /दस-2023-24 दिनांक 15 जनवरी, 2024 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

संख्या- 34 /2024 / 7631 (1) /चार-2023-1775153 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4. महाप्रबंधक (नि0-8/नि0-5/ नो), सी0एंडडी0एस0, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), लखनऊ।
5. परियोजना प्रबंधक, यूनिट-13, सी0 एंड डी0 एस0, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), लखनऊ।
6. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार,जवाहर भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ।
9. वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या- 34 /2024 / 7631 /चार-2023-1775153 दिनांक 16 जनवरी, 2024 का संलग्नक

(लागत रू0 लाख में)

S. N.	DESCRIPTION OF ITEM	As Per Proposed Cost	As Per PFAD	Deduction
1	**CIVIL & ELECTRICAL**			
A	COST OF CIVIL WORKS (REPAIRING & RENOVATION WORKS)	308.45	307.88	-0.57
B	COST OF PLUMBING WORKS	13.24	13.24	0.00
C	COST OF INTERNAL ELECTRICAL & PANEL WORKS	148.48	146.74	-1.74
D	COST OF FIRE FIGHTING WORKS	38.55	38.33	-0.22
E	COST OF VRV AC WORKS (301HP)	242.99	234.94	-8.05
2	**AUDITORIUM (REPAIRING & RENOVATION WORKS)**			
A	B.M. SHAH AUDITORIUM (CIVIL WORK)	99.02	98.30	-0.72
B	FIXED AUDITORIUM CHAIRS FOR B.M. SHAH AUDITORIUM (161 Nos)	22.56	On Serial No-9	-22.56
C	THRUST THEATER (CIVIL WORK)	176.40	175.61	-0.79
D	FIXED CHAIRS FOR THRUST THEATER (189 Nos)	26.49	On Serial No-9	-26.49
E	ELECTRICAL WORK (B.M. SHAH AUDITORIUM & THRUST THEATER)	29.23	29.03	-0.20
F	AUDIO SYSTEM WORK (B.M. SHAHA AUDITORIUM)	41.34	On Serial No-9	-41.34
G	AUDIO SYSTEM WORK (THRUST THEATER)	66.07	On Serial No-9	-66.07
H	STAGE LIGHTING SYSTEM (B.M. SHAHA AUDITORIUM)	87.33	On Serial No-9	-87.33
I	STAGE LIGHTING SYSTEM (THRUST THEATER)	94.52	On Serial No-9	-94.52
3	**INTERIOR WORK**			
A	False ceiling + POP work (2799.88 Sqm)	77.36	77.36	0.00
B	Providing and Fixing Knauf Channelled Woodworks perforated panels (4367.15 Sqm)	338.45	338.45	0.00
C	Providing 10 MM Thick Plaster of Paris(Gypsum Anhydrous) Ceiling (1079.79 Sqm)	11.64	11.64	0.00
D	Extra for sunk or raised mouldings in the plaster of Paris (Gypsum anhydrous) ceiling (1091.79 Sqm)	3.31	3.31	0.00
E	Glass Work (38.23 Sqm)	1.15	1.15	0.00
F	Photo frames (100.00 Nos)	4.50	On Serial No-9	-4.50
G	Providing and fixing of signages (40 Nos)	1.40	1.40	0.00
	TOTAL	**1832.48**	**1477.38**	**-355.10**
4	ADD 1% FOR CONTENGENCIES	18.32	14.77	-3.55
	TOTAL	**1850.81**	**1492.15**	**-358.65**
5	LESS 5.0 % DUE TO WORK DONE BY DEPARTMENT	-92.54	-74.61	17.93
	TOTAL	**1758.27**	**1417.55**	**-340.72**

S. N.	DESCRIPTION OF ITEM	As Per Proposed Cost	As Per PFAD	Deduction
6	ADD 10.0 % FOR CENTAGE CHARGES	175.83	141.75	-34.07
7	ADD 1 % FOR LABOUR CESS	17.58	14.18	-3.41
8	ADD 18% FOR G.S.T.	316.49	255.16	-61.33
9	**BOUGHT OUT ITEMS**			
A	FIXED AUDITORIUM CHAIRS FOR B.M. SHAH AUDITORIUM (161 Nos)	Proposed On Serial No-2(A)	20.30	20.30
B	FIXED CHAIRS FOR THRUST THEATER (189 Nos)	Proposed On Serial No-2(D)	23.84	23.84
C	AUDIO SYSTEM WORK (B.M. SHAHA AUDITORIUM)	Proposed On Serial No-2(F)	37.21	37.21
D	AUDIO SYSTEM WORK (THRUST THEATER)	Proposed On Serial No-2(G)	59.46	59.46
E	STAGE LIGHTING SYSTEM (B.M. SHAHA AUDITORIUM)	Proposed On Serial No-2(H)	78.60	78.60
F	STAGE LIGHTING SYSTEM (THRUST THEATER)	Proposed On Serial No-2(I)	85.07	85.07
G	PHOTO FRAMES (100.00 Nos)	Proposed On Serial No-3(F)	4.05	4.05
H	COST OF CCTV (CCTV-24 Nos,43 inch LED Screen-6 Nos, Cable etc)	16.32	14.69	-1.63
I	COST OF FURNITURE WORKS	92.37	0.00	-92.37
10	ADD 18% FOR G.S.T. ON ITEM NO. 9	19.56	58.18	38.62
	TOTAL COST OF PROJECT	**2396.42**	**2210.03**	**-186.39**